राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने छप्पन भोग झांकी के किए दर्शन, मन्दिर प्रांगण में मनाए जा रहे फागोत्सव में भाग लिया

राज्यपाल ने गोविंद देव जी मन्दिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

जयपुर, 17 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को श्री गोविंद देव जी मंदिर में विधिवत पूजा और आरती कर प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली के लिए कामना की है।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार प्रातः गोविंद देव जी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने जन जन के आराध्य भगवान श्री गोविंद देव जी की आरती उतारी और विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान को लगाएं छप्पन भोग की झांकी के भी दर्शन किए। बाद में उन्होंने मंदिर प्रांगण में लगभग 200 वर्षों से मनाए जा रहे फागोत्सव में भी भाग लिया।